नारी शिक्षा को मिले गति
तो समाज की हो प्रगति।
जो नारी बने सशक्त,
तो हो राष्ट्र का उत्कर्ष ॥

इस उद्देश्य से दिनांक 11/10/2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी की सद्प्रेरणा से छात्राओं के सशक्तिकरण हेतु अनेकानेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी श्रृंखला में महिला प्रकोष्ठ संभाग – I की संयोजिका डॉ. गीता गुप्ता एवं संभाग – II की संयोजिका डॉ. रेणु माहेश्वरी के मार्गदर्शन में निबंध लेखन एवं नारा लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसका विषय था "शिक्षा से सशक्त नारी"। महाविद्यालय की 35 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर निम्नलिखित विद्यार्थी रहे। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल (बी.ए. तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर बृजबाला (एम.ए. हिन्दी) व तृतीय स्थान पर गीतिका व डॉली (बी.ए. तृतीय वर्ष) रहीं। छात्राओं ने अनेक सुन्दर नारे लिखकर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति दी –

भेदभाव और जुल्म मिटाओ,
नारी को शिक्षित बनाओ।
सम्मान और अधिकार दिलाकर,
हर क्षेत्र में सशक्त बनाओ ॥

शिक्षित नारी, सशक्त नारी,
अबला नहीं।
जो झुकाये उसको दुनिया सारी ॥

आज की नारी शिक्षित होकर अपने परिवार को सही मार्गदर्शन दे सकती है। यदि परिवार सुशिक्षित एवं उन्नत होगा तो समाज भी विकसित होगा और समाज से प्रान्त, प्रान्त से राज्य, राज्य से देश का विकास सुनिश्चित है। इसी भावना और उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महाविद्यालय की छात्राओं का "पैडमैन" चलचित्र दिखाया गया और जागरुक किया गया कि महावारी के दौरान छात्राएँ स्वच्छता को विशेष ध्यान रखें तथा इस संबन्ध में शर्मिंदगी महसूस न करें। इस प्रकार यह कार्यक्रम उत्साह व जोश के साथ सम्पन्न हुआ।